मेरे श्याम धणी का जयकारा बिगड़े काम बनाएगा लिरिक्स

मेरे श्याम धणी का जयकारा,
बिगड़े काम बनाएगा,
जो जय श्री श्याम बोलेगा,
वो मौज उड़ाएगा।bd।

तर्ज – अफसाना लिख रही हूँ।

श्याम नाम की महिमा भारी,
जल्दी समझ ना आएगी,
जल्दी समझ ना आएगी,
इसके नाम की शक्ति तेरा,
बेड़ा पार लगाएगी,
बेड़ा पार लगाएगी,
पार होगी उसकी नैय्या,
श्याम नाम जो ध्यायेगा,
जो जय श्री श्याम बोलेगा,
वो मौज उड़ाएगा।bd।

इस जयकारे ने कितनो की,
बिगड़ी बनाई है,
बिगड़ी बनाई है,
कैसी भी हो विपदा सामने,
वो ना टिक पाई है,
वो ना टिक पाई है,
ये जयकारा जीवन में,
आराम दिलाएगा,
जो जय श्री श्याम बोलेगा,
वो मौज उड़ाएगा।bd।

'रूबी रिधम' की जीवा पे प्रभु,
बस नाम तुम्हारा हो,
बस नाम तुम्हारा हो,
जब भी पुकारू तुमको,
मिले मुझे सहारा हो,
मिले मुझे सहारा हो,
जैसे लाखो पापी तर गए,
वैसे तू मेरा भी काम बनाएगा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जो जय श्री श्याम बोलेगा,
वो मौज उड़ाएगा।bd।

मेरे श्याम धणी का जयकारा,
बिगड़े काम बनाएगा,
जो जय श्री श्याम बोलेगा,
वो मौज उड़ाएगा।bd।

Singer – Manoj Agarwal
Writer – Ruby Garg (Ruby Ridham)
9717612115

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com